# बोनी कपूर ने दाखिल किया इंटरनेशनल फिल्म सिटी का लेआउट प्लान

## यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर 21 में बनेगी उत्तर भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' के निर्माण की राह साफ हो गई है। मंगलवार को निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने फिल्म सिटी का लेआउट प्लान यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) को सौंप दिया।

अब यीडा इस प्लान की समीक्षा करेगा और जरूरी अनुमोदन के बाद निर्माण कार्य को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में विकसित की जा रही है। पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा, जिसकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ है।

यीडा के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि विभिन्न अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार को फिल्म निर्माता और फिल्म सिटी के निर्माण की जिम्मेदारी हासिल करने वाले बोनी कपूर ने अपनी कंपनी की ओर से परियोजना से संबंधित लेआउट प्लान को दाखिल किया है। सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा, निर्माण कार्य समझौते के अनुसार ही होगा। कोई बदलाव बिना मंजूरी नहीं हो सकेगा। पार्किंग, लैंडस्केपिंग और बागवानी के लिए अलग से एनओसी लेनी होगी।

### ये होगा फिल्म सिटी में

- 10,000 सीटों वाला कन्वेंशन सेंटर, जहां बड़े फिल्म समारोह और कार्यक्रम होंगे
- भारतीय सिनेमा पर आधारित म्यूजियम
- खास फिल्म फेस्टिवल क्षेत्र, जिसमें गेस्ट हाउस और ऑडिटोरियम होंगे
- कलाकारों के लिए अलग से आवास व्यवस्था-
- भारत की अलग-अलग वास्तुकला शैलियों वाले छोटे स्टूडियो यूनिट, जो शूटिंग या ठहरने के लिए किराए पर लिए जा सकेंगे
- बड़े साउंड स्टेज और अंडरवाटर शूटिंग स्टूडियो

उन्होंने बताया कि परियोजना का निर्माण तीन चरणों में आठ वर्षों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 230 एकड़ में निर्माण कार्य होगा, जबकि भविष्य में शेष 770 एकड़ भूमि पर फेज-2 और फेज-3 के अंतर्गत विस्तार किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट करीब 5 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों के अवसर पैदा करेगा।